# BUSINESS STUDIES

# व्यावसायिक अध्ययन

# (319)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has got two options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** Name the document which is issued by the company to the public to invite them to subscribe its share capital. 1

कम्पनी द्वारा निर्गमित उस प्रलेख का नाम बताइये जिससे कम्पनी अपनी अंश पूँजी का अभिदान करने के लिए जनता को आमंत्रित करती है।

**2.** Differentiate between Memorandum of Association and Articles of Association on the basis of 'relationship'. 1

सम्बन्ध के आधार पर सीमानियम एवं अन्तर्नियम में अंतर बताइये।

**3.** State the purpose for which short-term finance is required. 1

उस उद्देश्य को बताइये जिसके लिए अल्पकालीन वित्त की आवश्यकता होती है।

Download From: http://cbseportal.com

**4.** Define the term 'Primary Industries'. 2

'प्राथमिक उद्योग' शब्द की परिभाषा दीजिये।

**5.** Explain the term 'Professional Promoter'. 2

'पेशेवर प्रवर्तक' शब्द को समझाइये।

**6.** Enumerate any *two* features of Departmental Undertaking. 2

विभागीय उपक्रम की किन्हीं **दो** विशेषताओं की गणना कीजिये।

**7.** Which form of Business Organisation is suitable, where—

*(a)* the market is limited and localised, and the customers give importance to personal attention;

*(b)* persons having different abilities, skills and experiences can join hands to carry on the business? 2

व्यावसायिक संगठन का कौन-सा स्वरूप उपयुक्त है, जहाँ—

(क) बाज़ार सीमित एवं स्थानीय है, तथा ग्राहक व्यक्तिगत संपर्क को महत्त्व देते हों;

(ख) भिन्न-भिन्न योग्यता, कौशल तथा अनुभव वाले व्यक्ति व्यवसाय चलाने के लिए मिल जाते हों?

**8.** State the functions and positions of Top-level Management. 2

उच्च-स्तरीय प्रबन्ध के कार्य एवं पद बताइये।

**9.** State the meaning of 'product' as a component of Marketing Mix. 2

विपणन मिश्र के घटक के रूप में 'उत्पाद' का अर्थ बताइये।

**10.** Explain 'providing satisfaction to customers' as the basic objective of Marketing. 2

विपणन के मूल उद्देश्य के तौर पर 'ग्राहकों को संतुष्टि प्रदान करने' की व्याख्या कीजिये।

**11.** "Channel of distribution is a vital link between the manufacturers and the ultimate consumers." Do you agree? Give any *two* reasons in support of your answer. 2

''वितरण का माध्यम विनिर्माताओं एवं अन्तिम उपभोक्ताओं के मध्य एक आवश्यक कड़ी है।'' क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कोई **दो** कारण दीजिये।

Download From: http://cbseportal.com



www.cbseportal.com

**12.** Identify the type of Business Objectives in the following : 4

*(a)* Making use of available resources in the best possible manner

*(b)* Taking steps in the direction of consumer education

*(c)* Organising training and development programmes for the growth of the employees

*(d)* Reducing disparities among rich and poor nations by expanding its operations

निम्न से व्यावसायिक उद्देश्यों की श्रेणियों की पहचान कीजिए :

(क) उपलब्ध संसाधनों का श्रेष्ठतम उपयोग करना

(ख) उपभोक्ता शिक्षण के लिए कदम उठाना

(ग) कर्मचारियों के विकास के लिए प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रमों की व्यवस्था करना

(घ) अपनी व्यावसायिक क्रियाओं का विस्तार कर धनी एवं ग़रीब राष्ट्रों के बीच की असमानताओं को कम करना

**13.** Enumerate any *four* merits of e-commerce. 4

ई-वाणिज्य (ई-कॉमर्स) के किन्हीं **चार** लाभों की गणना कीजिये।

**14.** Explain, in brief, any *four* basic characteristics of Public Enterprise. 4

सार्वजनिक उपक्रमों की किन्हीं **चार** मूलभूत विशेषताओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिये।

**15.** Explain the following characteristics of Management in brief : 4

*(a)* Management is universal

*(b)* Management is intangible

प्रबन्ध की निम्न विशेषताओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिये :

(क) प्रबन्ध सर्वमान्य/सार्वभौमिक है

(ख) प्रबन्ध अमूर्त है

**16.** "As a function of Management, directing is of little use these days." Do you agree with this statement? Give any *four* reasons in support of your answer. 4

''प्रबन्ध के कार्य के रूप में, निदेशन आजकल कम उपयोगी है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कोई **चार** कारण दीजिये।

Download From: http://cbseportal.com

**17.** Explain, in brief, any *four* objectives of Financial Planning. 4

वित्तीय नियोजन के किन्हीं **चार** उद्देश्यों की संक्षेप में व्याख्या कीजिये।

**18.** Enumerate any *four* functions of Stock Exchange. 4

शेयर बाज़ार (स्टॉक एक्सचेंज) के किन्हीं **चार** कार्यों की गणना कीजिये।

**19.** Give any *four* merits of Departmental Stores. 4

विभागीय भंडारों के कोई **चार** लाभ दीजिये।

**20.** State and explain, in brief, any *four* points of importance of External Trade. 4

बाह्य व्यापार के कोई **चार** महत्त्व के बिन्दु बताइये तथा उनकी संक्षेप में व्याख्या कीजिये।

**21.** Explain, in brief, the term 'Business Environment' and its any *four* points of importance. 6

'व्यावसायिक पर्यावरण' की संक्षेप में व्याख्या कीजिये तथा इसके किन्हीं **चार** महत्त्व के बिन्दुओं को समझाइये।

**22.** Differentiate between Partnership Company and Joint-stock Company on the basis of *(a)* Membership, *(b)* Management, *(c)* Legal status, *(d)* Operations, *(e)* Existence, and *(f)* Finance. 6

(क) सदस्यता, (ख) प्रबन्ध, (ग) वैधानिक स्थिति, (घ) संचालन, (ङ) अस्तित्व तथा (च) वित्त के आधार पर साझेदारी एवं संयुक्त पूँजी कम्पनी में अन्तर्भेद कीजिये।

**23.** Explain, in brief, various steps involved in the Planning Process. 6

योजना प्रक्रिया में निहित विभिन्न चरणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिये।

**24.** "Issuing equity shares for raising long-term finance, from the point of view of management of a company, is considered more advantageous than issuing debentures." Do you agree? Give reasons in support of your answer. 6

"किसी कम्पनी के प्रबन्धन की दृष्टि से दीर्घकालीन वित्त जुटाने के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन की अपेक्षा समता अंशों का निर्गमन अधिक लाभकारी है।" क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिये।

**25.** "Personal selling and advertisement are interdependent and complementary to each other." Do you agree with this statement? Give reasons. 6

"व्यक्तिगत बिक्री तथा विज्ञापन एक-दूसरे पर निर्भर हैं एवं एक-दूसरे के पूरक हैं।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कारण दीजिये।

Download From: http://cbseportal.com

## SECTION–B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

**( Self-employment in Business )**

**( व्यवसाय में स्व-रोज़गार )**

**26.** Define the term 'Ancillary Industrial Undertakings'. 1

'सहायक औद्योगिक उपक्रम' शब्द की परिभाषा दीजिये।

**27.** Enumerate any *two* characteristics of Agency Services. 2

एजेन्सी सेवाओं की किन्हीं **दो** विशेषताओं की गणना कीजिये।

**28.** Explain any *two* factors that should be kept in view while estimating Fixed Capital requirement. 2

स्थायी पूँजी की आवश्यकताओं का अनुमान लगाते समय ध्यान में रखे जानेवाले घटकों में से किन्हीं **दो** घटकों की व्याख्या कीजिये।

**29.** Explain, in brief, any *four* rights of an Agent. 4

किसी एजेन्ट के किन्हीं **चार** अधिकारों की संक्षेप में व्याख्या कीजिये।

**30.** "Travel and Tours Agencies are not indispensable to the touring public." Do you agree? Give reasons in support of your answer. 6

''यात्रा एवं पर्यटन एजेन्सियाँ यात्रियों के लिए अपरिहार्य नहीं हैं।'' क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिये।

www.cbseportal.com

Download From: http://cbseportal.com

OPTION–II

विकल्प–II

**( Wage Employment in Business )**

**( व्यवसाय में नौकरी )**

**26.** Define the term 'Office'. 1

'कार्यालय' शब्द की परिभाषा दीजिये।

**27.** State the functions of 'Public Relations Section' of a modern office. 2

किसी आधुनिक कार्यालय में 'जन-सम्पर्क अनुभाग' के कार्यों को बताइये।

**28.** Explain, in brief, 'Flow of Work' as a characteristic of an ideal office layout. 2

एक आदर्श कार्यालय विन्यास की विशेषता के रूप में 'कार्य-प्रवाह' की संक्षेप में व्याख्या कीजिये।

**29.** Explain, in brief, any *four* factors that should be taken into consideration while determining office location. 4

कार्यालय स्थान का निर्धारण करते समय जिन तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए, उनमें से किन्हीं **चार** तथ्यों की संक्षेप में व्याख्या कीजिये।

**30.** "Office mechanisation has become a subject of great importance and necessity in present commercial world." Do you agree? Give any *five* reasons. 6

"आधुनिक व्यावसायिक जगत में कार्यालय यन्त्रीकरण की बहुत महत्ता एवं आवश्यकता हो गई है।" क्या आप सहमत हैं? कोई **पाँच** कारण दीजिये।

★ ★ ★

Download From: http://cbseportal.com